सागवाडा लाईव न्यूज़

सुचना-

विज्ञापन, खबरों के लिए या हमारे साथ जुडने के लिए वाट्सएप पर संपर्क करें- , 8209335497
हमें निष्पक्ष पत्रकारिता में रुचि रखने वाले युवाओं की आवश्यकता है।

डिजिटल अंक | Dungarpur, Banswara, Udaipur, Kota, Salumber, Chittor, pratapgarh

सागवाड़ा से प्रकाशित | Pages 01 | RNI- RAJHIN/25/A1329 | www.vagadlive.in | Editor- Jitendra singh chouhan

4 अक्टूबर 2025 शनिवार | ● वर्ष - ९ | ● अंक २४ | ● पृष्ठ ०१ | ● मूल्य - निशुल्क | ● www.vagadlive.in

नरेन्द्र खोड़निया का अंतरराष्ट्रीय लोह पुरुष एकता अवार्ड के लिए चयन

इंडो-नेपाल मंच द्वारा विभिन्न चरणों में चयन प्रक्रिया पूरी करने के बाद तय

ब्युरो रिपोर्ट/ सागवाड़ा लाईव न्यूज़

सागवाड़ा नगरपालिका के निवर्तमान अध्यक्ष एवं समाजसेवी नरेन्द्र खोड़निया का चयन लोह पुरुष अंतरराष्ट्रीय अवार्ड के लिए किया गया है। यह सम्मान इंडो-नेपाल मंच द्वारा विभिन्न चरणों में चयन प्रक्रिया पूरी करने के बाद तय किया गया। यह अवार्ड उन्हें भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर 2025 को जयपुर में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया जाएगा। उसी दिन संयुक्त राष्ट्र स्थापना समारोह का समापन कार्यक्रम भी होगा। कार्यक्रम में भारत सहित 25 देशों के राष्ट्राध्यक्ष व प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। इसमें नेपाल, भूटान, अफगानिस्तान, अल्जीरिया, एंगोला, ऑस्ट्रिया, क्रोएशिया, फिनलैंड, ट्यूनिशिया, जर्मनी, इराक, इजराइल, मेकडोनिया, मोरक्को, नाइजीरिया, नीदरलैंड, नॉर्वे, रोमानिया, डेनमार्क, श्रीलंका, मालदीव, किर्गिस्तान, फिलिस्तीन और फिजी जैसे देश शामिल होंगे। चयन प्रक्रिया में प्रारंभिक स्तर पर स्थानीय समिति ने नरेन्द्र खोड़निया का नाम आगे बढ़ाया, जिसे बाद में दिल्ली स्थित विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर को भेजा गया। वहां उच्च स्तरीय कमेटी ने अंतिम निर्णय लिया। नरेन्द्र खोड़निया पिछले 30 वर्षों से समाज सेवा और सामाजिक एकता के क्षेत्र में सक्रिय हैं। सर्व समाज के धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अग्रणी भूमिका निभाने के साथ ही उन्होंने जरूरतमंदों की मदद और कोविड-19 काल में विभिन्न समुदायों को सहयोग देने में विशेष योगदान दिया। इसके अलावा गौसेवा के प्रति उनकी निरंतर निष्ठा को भी इस अवार्ड के लिए चयन का प्रमुख कारण माना गया।

गोविंद गुरु महाराज की धूनी से वाडी हुई बेणेश्वर धाम में विसर्जित धूमधाम से निकली शोभायात्रा

सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ डूंगरपुर जिले के साबला उपखंड अंतर्गत बेणेश्वर धाम पर नवरात्रि के 9 दिन मां दुर्गा की पूजा अर्चना के बाद दशहरे पर वाड़ी विसर्जन का कार्यक्रम आयोजित हुआ इस दौरान आनंदपुरी गुरु गोविंद महाराज की बावड़ी द्वारा धोनी से वाडी विसर्जन के लिए भक्तगण बेणेश्वर धाम पहुंचे जहां भक्ति भाव के साथ जयकारों से वाडी विसर्जित की गई इस दौरान कमलेश डामोर ने जानकारी देते हुए बताया कि परंपरा के अनुसार गुरु गोविंद महाराज बावड़ी द्वारा आनंदपुरी धाम पर 9 दिन नवरात्रि के अवसर पर पूजा अर्चना की जाती है और दशहरे पर बेणेश्वर धाम पर वाड़ी विसर्जित की जाती है जिसमें महिलाओं पुरुषों सहित बच्चों ने भाग लिया है इस अवसर पर परमेश्वर तबीयाड, लल्लू राम तबीयाड, रमेश डेंडोर, कृष्णलाल पटेल, बहादुर पटेल सहित कहीं भक्तगण मौजूद थे

पत्नी की हत्या कर तहखाने में दफनाया शव, आरोपी पति ने थाने पहुंचकर खोला राज

शव निकालने को लेकर पीहर-ससुराल में हुआ टकराव

सीमलवाड़ा/ सागवाड़ा लाईव न्यूज़ संवाददाता गुणवंत कलाल/(डूंगरपुर)। चौरासी थाना क्षेत्र के सुराता गांव में शनिवार देर रात की एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां एक पति ने अपनी ही पत्नी की हत्या कर शव को घर के पास स्थित दुकान के तहखाने में दफना दिया। हत्या के बाद आरोपी ने तीन दिन तक इस राज को छिपाए रखा, लेकिन अंततः अपराधबोध से दबकर गुरुवार सुबह स्वयं थाने पहुंचकर पूरे घटनाक्रम का खुलासा कर दिया। जानकारी के अनुसार सुराता गांव निवासी अरविंद रोत ने 27 सितंबर की रात अपनी पत्नी चेतना (उम्र लगभग 30 वर्ष) की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना को छुपाने के लिए उसने 29 सितंबर को अपनी ही दुकान के तहखाने में गड्ढा खोदकर पत्नी का शव दफना दिया।1 अक्टूबर की सुबह आरोपी अरविंद थाने पहुंचा और पुलिस को बताया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर शव तहखाने में दफना दिया है। जानकारी मिलते ही पुलिस ने आरोपी को डिटेन कर लिया और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना पर मृतका का पीहर पक्ष भी मौके पर पहुंच गया। शव निकालने को लेकर पीहर और ससुराल पक्ष के बीच लंबी वार्ता चली। स्थिति बिगड़ने की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने दोनों पक्षों को समझाया। अंततः शाम करीब साढ़े पांच बजे तहखाने से शव बाहर निकाला गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम सोनू कुमार गुर्जर, डिप्टी राजकुमार राजोरा, झोथरी तहसीलदार नितेश पंचोली,धंबोला थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान, कुआं थानाधिकारी रामेंग पाटीदार, छत्तर सिंह, राजाराम रेबारी, खुशपाल सिंह, विवेक लबाना सहित चार थानों का पुलिस जाब्ता और जिला स्तर से अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया। पूरे क्षेत्र में घेराबंदी की गई ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी अरविंद अपनी पत्नी चेतना के चरित्र पर शक करता था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच आए दिन झगड़े होते रहते थे। हालांकि पुलिस का कहना है कि हत्या के पीछे की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी। मृतका के पिता खेड़ा सामोर निवासी कांतिलाल पुत्र रामजी ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसमें उन्होंने दामाद अरविंद, ससुर कारीलाल पुत्र धनपाल, सास मीरा और ननद चंद्रिका पर बेटी को आए दिन परेशान करने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाई जाए।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला मोर्चरी भिजवाया है। शनिवार को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। इसके बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। मृतका के एक पांच साल का लड़का भी है। जिसके सर से मां का साया उठ गया। यह वारदात पूरे इलाके में सनसनी और आक्रोश का विषय बनी हुई है। ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा रही और लोग इस दिल दहला देने वाली घटना से स्तब्ध हैं। इस दौरान सुराता सरपंच महिपाल रोत, किशन गर महाराज, सुभाष चंद्र रोत, बसंत लाल, नवीन कुमार, हरिलाल रोत, दशरथ बरांडा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

निर्दोष पुलिसकर्मियों को बहाल करने की उठी मांग, सर्व समाज ने सोपे ज्ञापन

सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ डूंगरपुर ज़िले के दोवड़ा थाने में दर्ज चोरी के एक मामले में गिरफ्तार युवक की मौत के बाद चार पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया था। अब इस मामले में सर्व समाज ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि निलंबित किए गए पुलिसकर्मी निर्दोष हैं और उनका उस मुकदमे से कोई वास्ता नहीं था।अधिवक्ता शार्दुल सिंह ने शुक्रवार दोपहर 2:00 बजे जानकारी देते हुए बताया कि सर्व समाज का आरोप है कि राजनीतिक दबाव और पार्टी विशेष के प्रभाव में आकर कार्रवाई की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि निलंबन केवल सामान्य एवं ओबीसी वर्ग से संबंधित होने के कारण किया गया है।इससे आमजन और समाज में भय का माहौल है, क्योंकि कानून व्यवस्था संभालने वाले कर्मचारी ही अगर राजनीतिक दबाव में निलंबित होंगे तो जनता की सुरक्षा कैसे होगी। सर्व समाज ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि निर्दोष पुलिसकर्मियों को तुरंत बहाल कर पूर्व पदस्थापना पर लगाया जाए। और सर्व समाज की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि 12 अक्टूबर 2025 तक निलंबित पुलिसकर्मियों की बहाली नहीं होती है तो 13 अक्टूबर 2025 से जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना-आंदोलन शुरू किया जाएगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

खबर का असर: नगरपालिका ने ध्वस्त किया अतिक्रमण, रास्ता हुआ मुक्त

वार्ड वासियों ने जताया नगरपालिका का आभार

अतिक्रमण पर चलता बुलडोजर

सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा नगर पालिका क्षेत्र में बुरहानी हार्डवेयर गोदाम के पीछे बस्ती और खेतों की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर हुए अतिक्रमण को नगरपालिका ने शुक्रवार को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया।

गौरतलब है कि वार्ड नंबर 8 के नागरिकों ने शिकायत दर्ज कराते हुए कहा था कि 80 फीट चौड़े इस मार्ग पर अवैध निर्माण कर दिया गया है, जिससे बस्ती में आने-जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। नागरिकों की गुहार पर गुरुवार को नगरपालिका अध्यक्ष गांधी ने मौके का मुआयना कर जांच करवाई और शुक्रवार को त्वरित कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटवा दिया। इस कार्रवाई से स्थानीय निवासियों में खुशी का माहौल है और उन्होंने नगरपालिका प्रशासन पर भरोसा जताते हुए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर एकलव्य भील सेवा संस्थान अध्यक्ष महिपाल आहारी ने कहा कि भविष्य में भी इसी तरह नगरपालिका प्रशासन अतिक्रमण पर सख्त कदम उठाए। इस खबर को सागवाड़ा लाइव न्यूज़ चैनल ने प्रमुखता के साथ उठाया था। कार्यवाही के दौरान निलेश अहारी (वार्ड 8 पार्षद पति), वासुदेव अहारी (नगर अध्यक्ष एसटी मोर्चा), सुखलाल अहारी, गुलाब अहारी, अशोक बामनिया, कालू लाल अहारी, मोहन अहारी, देवराम अहारी, अनिल अहारी, कन्हैया अहारी, लालेंग अहारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

तेज रफ्तार बाईक की टक्कर से एक की मौत

सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। घोटाद गांव में सड़क किनारे पैदल चल रहे कमलेश डोडियार को एक तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सागवाड़ा थाना पुलिस के अनुसार घोटाद गांव निवासी डायालाल डोडियार ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि उनका भतीजा कमलेश डोडियार लिमड़ी गांव स्थित माताजी के मंदिर से दर्शन कर पैदल अपने घर लौट रहा था। घोटाद पुलिया के पास सामने से आ रही एक बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कमलेश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत सागवाड़ा के अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद परिजन उसे घर ले आए। हालांकि, घर आने के बाद उसकी तबीयत फिर बिगड़ गई, जिसके बाद परिजन उसे दोबारा अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने जांच के बाद कमलेश को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को मॉर्च्यूरी में रखवाया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

ऑपरेशन जागृति चरण-04

डूंगरपुर में जागरूकता रैली में दिया बाल संरक्षण का संदेश

सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ राजस्थान पुलिस द्वारा राज्यव्यापी ऑपरेशन जागृति चरण-04 के तहत रेंज के सभी जिलों में पोक्सो अधिनियम पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार को डुंगरपुर जिला मुख्यालय पर जागरूकता रैली निकालकर बाल संरक्षण का संदेश दिया गया। पुलिस महानिरीक्षक श्री गौरव श्रीवास्तव के निर्देशन में उदयपुर रेंज पुलिस और यूनिसेफ राजस्थान के सहयोग से संचालित पुलिसिंग फॉर केयर ऑफ चिल्ड्रन कार्यक्रम अंतर्गत जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके तहत डूंगरपुर में पॉक्सो अधिनियम की जानकारी देने के लिए पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजीव परिहार ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने इस रैली के माध्यम से बच्चों को यौन शोषण से बचाने के लिए निहित संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही और इस सप्ताह के तहत आयोजित गतिविधियों के माध्यम से बाल सरंक्षण के प्रति हर वर्ग को जागरूक होकर भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर यूनिसेफ की बाल संरक्षण सलाहकार श्रीमती सिंधु बिनुजीत ने कहा कि बालकों को यौन अपराध से बचाना हम सभी का दायित्व है और इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के साथ होने वाले यौन दुराचार से उनको बचाने एवं आमजन को उनकी सुरक्षा के लिए बनाए पोक्सो कानून की जानकारी देकर जागरूक करना है। रैली जिला कलेक्टर कार्यालय से प्रारंभ होकर तहसील चौराहा, बस स्टेंड, मुख्य बाजार, गैप सागर की पाल होते हुए सर्किट हाउस आकर समाप्त हुई। रैली में एसआई सकाराम, एसआई अशोक कुमार के साथ पुलिस विभाग की लेडी पेट्रोलिंग टीम, कालिका टीम, पुलिस की सिग्मा, यातायात पुलिस और जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कार्मिक मौजूद रहे।

राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जिला कलेक्टर सिंह ने पहुंचकर बच्चों का किया उत्साह वर्धन

सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ 29 तारीख राज्य स्तरीय 17 एवं 19 वर्षीय आयु वर्ग खिलाड़ी टेबल टेनिस प्रतियोगिता में पहुंचकर जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। स्थानीय मैरिज हॉल में आयोजित थोड़ी प्रतियोगिता के फाइनल मैच के अवसर पर जिला कलेक्टर सिंह ने प्रतिभागियों से परिचय करते हुए उन्हें खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने 19 वर्षीय बालिका वर्ग के फाइनल मैच जयपुर एवं बीकानेर के मैच को पूरी शिद्दत के साथ देखा तथा पूरे खेल के दौरान मौजूद रहें। जिला कलक्टर की उपस्थिति से खिलाड़ी भी प्रोत्साहित हुए तथा पूरे उत्साह के साथ मैच को खेला। जिला कलेक्टर सिंह के कार्यक्रम में पहुंचने पर किशन लाल गर्ग उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापिका भारती पंचाल, डॉ धीरज टेलर, दिलीप परमार, भोगीलाल पाटीदार, प्रथम सहायक विनय चौबीसा, प्रधानाध्यापिका टाउन रेणुका शर्मा, एवं पूरी टीम ने जिला कलेक्टर का पगड़ी पहना कर एवं उपरणा ओढा कर स्वागत किया। इस दौरान जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने भामाशाह को तथा बीकानेर से पधारे रेफरी नीरजसिंह, बाबूराम जी, राजूराम, सीमा जोशी, भारती यादव का भी स्वागत और अभिनंदन किया।

गेड में 30 साल से लंबित बटवारे का हुआ निपटारा, ग्रामीण सेवा शिविर में लोगों को मिली राहत

सागवाड़ा लाईव न्यूज़/ डूंगरपुर जिले की बिछीवाड़ा पंचायत समिति अंतर्गत ग्राम पंचायत गैड में 03 अक्टूबर 2025 को ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में वर्षों से लंबित प्रकरणों के निस्तारण की कार्यवाही की गई। शिविर के दौरान 30 वर्ष से अधिक पुराने बंटवारे के मामले को लेकर ग्रामीण लंबे समय से प्रयासरत थे। इस पर उपखंड अधिकारी शाहीन अंजुम ने तहसीलदार बिछीवाड़ा को आदेश देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत में 30 वर्ष से बंटवारे का मामला विचाराधीन था मौके पर तहसीलदार को आदेश दिया गया। आदेश के बाद मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार अनिल पंड्या ने गिरदावर व पटवारी से मिलकर बंटवारे की प्रक्रिया पूरी कराई और ग्रामीणों को तत्काल राहत दी। शिविर में अजय जोशी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि वर्षों से लंबित विवाद का निस्तारण कर उन्हें बड़ी राहत मिली है। इस तरह ग्रामीण सेवा शिविर ने लोगों की वास्तविक समस्याओं का समाधान कर सरकार की संवेदनशीलता और त्वरित कार्यशैली का संदेश दिया।